सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री राज बहादुर) : (क) और (ग). आकाशवाणी के सभी केन्द्रों से हिन्दी समाचार बुलेटिनों के प्रसारण के प्रश्न को सूचना और प्रसारण मंत्रालय के संसद सदस्यों की अनौपचारिक परामर्शदात्री समिति की 9 मई, 1966 की बैठक में उठाया गया था। सदस्यों को सूचित किया गया कि आकाशवाणी के लगभग सभी केन्द्र किसी न किसी तरंग पर एक या एक से अधिक हिन्दी समाचार-बुलेटिन प्रसारित करते हैं। दक्षिण के आकाशवाणी के कुछ केन्द्र दिन के एक बज कर चालीस मिनट के हिन्दी समाचार बुलेटिन को प्रसारित करते हैं। यह मान लिया गया कि इस बुलेटिन के स्थान पर प्रातः आठ बज कर पन्द्रह मिनट वाला बुलेटिन प्रसारित किया जा सकता है। इस बारे में विचार हो रहा है कि इसके लिए क्या प्रबन्ध किये जाएं।

आकाशवाणी से व्यापार संबंधी विज्ञापन

21. **डा० राम मनोहर लोहिया :**
श्री बागड़ी :
श्री राम सेवक यादव :
श्री मधु लिमये :
श्री किशन पटनायक :
श्री मौर्य :
श्री राम सहाय पाण्डेय :
श्री विश्वनाथ पाण्डेय :
श्री लीलाधर कटकी :
श्री रा० बरुआ :
श्री यशपाल सिंह :
श्री प्र० चं० बरुआ :
श्री स० मो० बनर्जी :
श्री रामचन्द्र उलाका :
श्री धुलेश्वर मीना :
श्री दी० चं० शर्मा :

क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री 14 मार्च, 1966 के तारांकित प्रश्न संख्या 512 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने आकाशवाणी से व्यापार सम्बन्धी विज्ञापनों का प्रसारण करने के बारे में इस बीच अन्तिम निर्णय कर लिया है ;

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार ने क्या मुख्य निर्णय किये हैं ; और

(ग) यदि नहीं, तो आकाशवाणी से व्यापार सम्बन्धी विज्ञापनों के प्रसारण करने की योजना कब से आरम्भ की जायेगी ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री राज बहादुर) (क) जी, नहीं।

(ख) सवाल नहीं उठता।

(ग) इस सम्बन्ध में कुछ प्रस्ताव पहले ही सरकार के विचाराधीन हैं। इस विषय पर सूचना-प्रसारण समीक्षा समिति की सिफारिशों पर भी जो सरकार को अब मिली है, विचार किया जा रहा है। निर्णय करने में कुछ समय लगेगा।

Conference of American and Indian Experts on Nuclear Armaments

22. **Dr. Ram Manohar Lohia:**
Shri Bagri:
Shri Ram Sewak Yadav:
Shri Madhu Limaye:
Shri Kishen Pattnayak:
Shri Maurya:
Shri Bibhuti Mishra:
Shri K. N. Tiway:
Shri Indrajit Gupta:

Will the **Prime Minister** be pleased to state:

(a) whether a four day conference was held at Simla during June, 1966 for high level exchange of views on the various aspects of nuclear armaments between American and Indian experts;